for the provident fund during 1971-72 and 1972-73 and to locate the responsibility for this delay has been set up by the College on 17-12-76. The report of the Committee is awaited.

मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषि कालेज

46. **श्री लक्ष्मी नारायण नायक** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसानों की भलाई के लिये बुन्देलखण्ड क्षेत्र के छतरपुर अथवा टीकमगढ़ जिले में, वहां की कृषि सम्बन्धी क्षमता को तथा इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि इस क्षेत्र में कोई कृषि कालेज नहीं है एक कृषि कालेज स्थापित करने के बारे में सरकार का विचार मध्य प्रदेश राज्य सरकार को सलाह देने का है ; और

(ख) क्या केन्द्र सरकार अथवा मध्य प्रदेश सरकार का विचार वहां एक कृषि कालेज स्थापित करने के लिये इन जिलों का सर्वेक्षण करने का है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल) : (क) भारत सरकार का, मध्य प्रदेश राज्य सरकार के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के छतरपुर अथवा टीकमगढ़ जिले में कृषि महाविद्यालय स्थापित करने की सलाह देने का कोई विचार नहीं है। मध्य प्रदेश में जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर तथा इसके सात परिसरों से आशा की जाती है कि वे इस क्षेत्र की सेवा करेंगे।

(ख) कृषि महाविद्यालय स्थापित करने के लिये सर्वेक्षण करने का न तो केन्द्रीय सरकार का विचार है और न मध्य प्रदेश सरकार का।

विश्वविद्यालय में छात्र संघो पर प्रतिबन्ध

47. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आपातकाल के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्र संघों को समाप्त कर दिया था ;

(ख) उन्हें पुनः जीवित करने के बारे में क्या निर्णय लिया गया ; और

(ग) उस पर कहां तक अमल हुआ है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्दर) (क) से (ग) : आपातकालीन स्थिति के लागू होने के तुरन्त बाद शिक्षा मंत्रालय ने राज्य सरकारों को यह सलाह दी कि छात्र संघो को शैक्षिक जीवन भंग करने का एक साधन न बनने दिया जाए और जहां भी आवश्यक हो संघ निलम्बित कर दिए जायें और उसकी जगह छात्रों की भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिये कोई दूसरा साधन खोजा जा सकता है। राज्यों को दिया गया वह आदेश वापस ले लिया गया है और छात्रों को पूर्ववत् कार्य करने की अनुमति दे दी गई है।